अग्रवाल कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 30-04-2024 को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में हिंदी विभाग द्वारा पी.जी के विद्यार्थियों के लिए **"नेट परीक्षा की तैयारी कैसे करें? "** विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कुमारी अंजली (नेट क्वालीफाई, व्याख्याता विद्या मंत्र अकैडमी) उपस्थित रही। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष एवं अग्रवाल कॉलेज प्रधान श्री देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता के संरक्षण में पी.जी के विद्यार्थियों के लिए अनेक अनेक शैक्षणिक गतिविधियां उनके आगामी भविष्य को देखते हुए आयोजित की जाती हैं। मुख्य अतिथि कुमारी अंजली ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को नेट पाठ्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए उसमें यूजीसी द्वारा किए जा रहे परिवर्तनों के बारे में भी जानकारी दी।साथ ही तैयारी किस प्रकार,कहां से शुरू की जाए इस पर भी प्रकाश डाला। कुमारी अंजली ने नेट परीक्षा संबंधी कुछ विशेष पुस्तकों के बारे में जानकारी साँझा करते हुए विभिन्न ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से नेट कोचिंग संबंधी संस्थाओं के विषय में भी बताया। इस अतिथि व्याख्यान में पीजी के लगभग 55 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई और प्रश्नों के माध्यम से अपने जिज्ञासा का समाधान किया। हिंदी विभागाअध्यक्षा डॉ० रेनू माहेश्वरी एवं सहायक प्रवक्ता श्रीमती मधु सिंगला के प्रयासों से यह अतिथि व्याख्यान सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।